बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-440
03/12/2019

मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित समीक्षा बैठक की

पटना, 03 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बेतिया समाहरणालय सभागार में जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में सार्वजनिक कुंओं, चापाकल, आहर, पईन का जीर्णोद्धार, नलकूपों, कुंओं एवं चापाकलों के किनारे सोख्ता निर्माण, जल संरक्षण संरचना, छोटी–छोटी नदियों, नालों, पहाड़ी क्षेत्रों में चेकडैम, जल संचयन के अन्य संरचनाओं का निर्माण, नए जल स्रोतों का सृजन, सरकारी भवनों में छत वर्षा जल संचयन, पौधशाला सृजन एवं सघन वृक्षारोपण, जैविक खेती एवं टपकन सिंचाई, सौर ऊर्जा उपयोग को प्रोत्साहन एवं ऊर्जा की बचत जैसे बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली नालियाँ, राज्य में बची सभी सम्पर्क विहीन बसावटों को पक्की सड़कों से जोड़ना, शौचालय निर्माण घर का सम्मान, बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम एवं ऊर्जा विभाग (वित्तीय वर्ष 2019–20) की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने–अपने क्षेत्र की समस्याओं एवं शिकायतों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा, जिसके शीघ्र समाधान के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक से पहले बेतिया समाहरणालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजनान्तर्गत सहायक उपकरण एवं मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि का वितरण मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों के बीच किया।

बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि साढ़े सात एकड़ तक के तालाब में एक मेगावाट तक बिजली का उत्पादन किया जा सकता है इसलिए नीचे मछली ऊपर बिजली के कांसेप्ट पर संभावनाओं की तलाश कर काम आगे बढ़ाइए, यह काफी प्रभावी होगा। उन्होंने कहा कि जिनलोगों ने अपने–अपने घरों में शौचालय निर्माण का काम पूरा कर लिया है, उन्हें सरकारी सहायता का तत्काल भुगतान करने की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करें। लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत होने वाली नियमित सुनवाई से पुलिस पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों के अनुपस्थित रहने के मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक के स्तर पर होने वाली रेगुलर क्राइम मीटिंग में इस मामले की समीक्षा कर दोषियों पर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस एक्ट के तहत निर्धारित समय–सीमा के अंदर हर सूरत–ए–हाल में समस्या का समाधान होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गन्ने का मूल्य जल्द से जल्द निर्धारित करने का भी निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों से व्यक्तिगत तौर पर 19 जनवरी 2020 को जल–जीवन–हरियाली अभियान एवं नशामुक्ति के पक्ष में और बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ बनने वाली मानव श्रृंखला में शामिल होने

का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस बार की मानव श्रृंखला नया रिकॉर्ड बनाये, जिसकी चर्चा न सिर्फ पूरी दुनिया में होगी बल्कि इससे लोगों को लाभ भी मिलेगा। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति श्री बिल गेट्स 4 साल बाद बिहार आये थे और यहां से लौटकर जब वे दिल्ली गए तो उन्होंने अपने साक्षात्कार में इस बात का जिक्र किया कि अमेरिका, इंग्लैंड की तरह क्लाइमेट चेंज पर बिहार में भी चर्चा होती है। 13 जुलाई को सभी दलों के विधानमंडल सदस्यों की मीटिंग बुलाई गई थी, जिसमें जल–जीवन–हरियाली अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने–अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को 19 जनवरी 2020 को बनने वाली मानव श्रृंखला में शामिल होने के लिए प्रेरित कीजिये।

बैठक में खाद्य उपभोक्ता संरक्षण सह पश्चिम चंपारण जिले के प्रभारी मंत्री श्री मदन सहनी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद, सांसद श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो, विधायक श्रीमती भागीरथी देवी, विधायक श्री धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, विधायक श्री नारायण साह, विधायक श्री विनय कुमार वर्मा, विधायक श्री प्रकाश राय, विधायक श्री मदन मोहन तिवारी, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, संबंधित विभागों के एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त तिरहुत प्रमण्डल श्री पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, चम्पारण रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री ललन मोहन प्रसाद, जिलाधिकारी पश्चिम चम्पारण डॉ0 नीलेश देवरे, पुलिस अधीक्षक बगहा, पुलिस अधीक्षक बेतिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******